4 फैक्ट्रियां बंद कराई हैं गाजियाबाद जिला प्रशासन ने हिंडन विहार में। मौके से 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन फैक्ट्रियों में प्लास्टिक जलाई जा रही थी।

www.jagran.com राष्ट्रीय संस्करण
दैनिक जागरण
रविवार 6 अक्टूबर 2019

अष्टम्

महागौरी

शारदीय नवरात्र के आठवें दिन शक्ति के अष्टम स्वरूप माता महागौरी की उपासना पूर्णत: गौर वदना, वस्त्र-आभूषण, अलंकार तथा श्वेत साड़ी से विभूषित वृषभवाहिनी के रूप में करना चाहिए। मान्यता है कि आठ वर्ष की आयु वाली भगवती ने तपस्या के द्वारा भगवान शिव को प्राप्त किया। इनका ध्यान-स्मरण, पूजन भक्तों के लिए कल्याणकारी है। इनकी कृपा से अलौकिक सिद्धियां मिलती हैं। मान्यता के अनुसार, माता की भक्ति से ओतप्रोत होकर अखंड दीप के साथ दर्शन-पूजन करने से धन-धान्य, पुत्र-पौत्र, सौभाग्य प्राप्त होता है।

आज का विचार
मूल रूप से निर्दोष आत्मा पर चढ़ी सांसारिकता की परत को सद्गुणों के जल से धोने पर हम अपने मूल स्वरूप को पहचान पाते हैं।

ध्यान मंत्र
श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेतांबरधरा शुचि:।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा।।

पद्मश्री डॉ. हरिहर कृपालु त्रिपाठी

सड़कों का हाल लेने उतरे 50 विधायक

कवायद ▶ विधायकों ने अभियंताओं को साथ लेकर 25-25 किलोमीटर तक किया निरीक्षण

दिल्ली सरकार के अधिकार क्षेत्र में हैं लोक निर्माण विभाग की 1260 किलोमीटर सड़कें

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर आम आदमी पार्टी के 50 विधायक सड़कों की खराब हालत का निरीक्षण करने अपनी-अपनी टीमों के साथ सड़कों पर उतरे। इनमें दो कैबिनेट मंत्री भी शामिल हैं। प्रत्येक विधायक ने 25 किलोमीटर तक सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़कों के खराब होने व गड्ढों से संबंधित 1897 शिकायतें दर्ज की गई हैं। मुख्यमंत्री ने इन सड़कों को जल्द ठीक कराने का निर्देश दिया है।

दिल्ली सरकार के अधिकार क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग की 1260 किलोमीटर सड़कें हैं। इन्हें गड्ढा मुक्त किए जाने का शनिवार से अभियान प्रारंभ हो गया। पहले दिन दिल्ली सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने वाली सड़कों का सरकार की 50 टीमों ने मुआयना किया। इस टीम में एक विधायक के साथ लोक निर्माण विभाग का एक अभियंता शामिल था। एक टीम को 25 किलोमीटर का दायरा दिया गया था।

कुल 1897 शिकायतें एप के जरिये दर्ज हुईं : गड्ढे या खराब सड़क की फोटो सर्वे के दौरान लेकर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के एप पर डाली गई। यह डाटा तैयार होते ही सड़कों को ठीक करने का काम प्रारंभ हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कें तभी खराब होती हैं, जब गड्ढा हो जाता है या पानी भर जाता है या वहां कोई काम चल रहा होता है। अगर किसी विभाग का काम चल रहा है तो काम पूरा होने तक इंतजार किया जाएगा। अन्य सड़कों को ठीक करा दिया जाएगा। एप पर कुल 1897 शिकायतें लोक निर्माण विभाग के पास दर्ज हुई हैं। इनमें खराब सड़कों की 1181 शिकायतें और गड्ढों की शिकायतें 583 हैं। अन्य विभागों के कारण सड़कों में कमियां की 133 शिकायतें दर्ज की गईं।

मंत्री भी सड़क पर उतरे निरीक्षण करने : कैबिनेट मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने सीमापुरी क्षेत्र में तो इमरान हुसैन ने अपने विधानसभा क्षेत्र बल्लीमारान में पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ सड़कों का मुआयना किया। टूटी हुई सड़कों की फोटो और स्थान की जानकारी एप के माध्यम से पीडब्ल्यूडी तक पहुंचाई और सभी सड़कों को तुरंत प्रभाव से बनाने का आदेश जारी किया।

गड्ढा मुक्त अभियान के तहत सड़कों का मुआयना करते मंत्री इमरान हुसैन। जागरण

दिल्ली सरकार के अधीन दिल्ली की कुछ ही सड़कें आती हैं, लेकिन उन पर रोज लाखों वाहन चलते हैं। बारिश से सड़कों पर जो असर होता है उससे किसी को असुविधा न हो इसलिए ये अभियान चलाया जा रहा है। इतने बड़े स्तर पर पहली बार सड़कों का निरीक्षण हो रहा है।
-अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री

पानी भरने वाले स्थान पर बनेगी सीमेंट की सड़क : ग्रेटर कैलाश से विधायक सौरभ भारद्वाज ने सड़क निरीक्षण के दौरान दिल्ली सरकार द्वारा बनाए गए एप की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस एप से हमने टूटी हुई सड़क की फोटो और उस जगह की सही जानकारी लोक निर्माण विभाग को भेजी है। उन्होंने बताया कि पानी के कारण बिटुमिन (तारकोल) की सड़क अक्सर टूट जाती है। इसलिए हम लोगों ने पीडब्ल्यूडी से अनुरोध किया है कि जिस जगह पर पानी की समस्या के कारण सड़कें टूट रही हैं, वहां तारकोल की जगह सीमेंट की सड़क बनाई जाए। विभाग ने इस पर सहमति जताई है। इसके अलावा मटिया महल से विधायक आसिम अहमद, जंगपुरा से विधायक प्रवीण देशमुख और करोलबाग से विधायक विशेष रवि ने सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के अभियान के तहत अधिकारियों के साथ अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

'सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का अभियान चुनावी कसरत'

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली

▶ भाजपा का आरोप, साढ़े चार वर्षों तक कोई काम नहीं करने वाली सरकार अब जनता को गुमराह कर रही है

दिल्ली की सड़कों को दुरुस्त करने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के निरीक्षण अभियान पर भाजपा ने निशाना साधा है। इसे चुनावी कसरत करार दिया है। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी का कहना है कि बीते साढ़े चार वर्षों तक दिल्ली सरकार सोती रही। मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों को सड़कों पर गड्ढे नजर नहीं आते थे। अब चुनाव नजदीक देखकर सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का नाटक कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बताना चाहिए कि उन अनधिकृत कॉलोनियों का क्या होगा जहां वादा करने के बावजूद उन्होंने आजतक एक इंच भी सड़क नहीं बनाई है। उन्होंने कहा कि नगर निगमों और लोकसभा चुनावों में मिली करारी हार से आप के मुखिया दहशत में आ गए हैं। उन्हें दिल्ली से अपनी राजनीतिक विदाई लगभग तय नजर आ रही है। यही कारण है कि झूठ व भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने कहा कि आप के विधायकों ने दिल्ली सरकार के झूठे विकास की पोल खोल दी है। केजरीवाल एक तरफ दावा करते रहे हैं कि उनकी सरकार ने दिल्ली के विकास के लिए बहुत काम किया है। दूसरी ओर उनके विधायकों ने शनिवार को सोशल मीडिया में क्षतिग्रस्त सड़कों की फोटो डालकर हकीकत सबके सामने रख दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने लगभग एक साल पहले भी दिल्ली की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की बात कही थी, जो आजतक नहीं हो सकी है।

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता का कहना है कि न तो दिल्ली सरकार सड़कें बना रही है और न नगर निगमों को बनाने दे रही है। वर्ष 2018-19 के बजट में दिल्ली सरकार ने निगमों के एक हजार करोड़ रुपये को मुख्यमंत्री सड़क योजना में शामिल कर लिया था। इसका मकसद निगमों की सड़क बनाने के काम को अपने हाथ में लेना था, लेकिन इस योजना के तहत एक भी सड़क नहीं बनी और पूरा फंड बेकार चला गया। इसी तरह से वर्ष 2019-20 के बजट में भी निगमों का एक हजार करोड़ रुपये का फंड मुख्यमंत्री सड़क योजना में शामिल किया गया है। तीनों नगर निगमों में भाजपा का शासन है इसलिए दिल्ली सरकार इन्हें वित्तीय रूप से पंगु बनाने की साजिश रच रही है।

न्यूज गैलरी

रद टिकट से टर्मिनल में घुसे दो विदेशी गिरफ्तार

नई दिल्ली : आइजीआइ एयरपोर्ट पर सीआइएसएफ ने रद टिकट लेकर घुसे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों तुर्कमेनिस्तान के रहने वाले भाई हैं। उनकी पहचान अर्सलोन गुरबंगेलदियव और ऑरजेंगेल्डी गुरबंगेलदियव के रूप में हुई है। उन्होंने बहन को टर्मिनल के अंदर तक छोड़ने के लिए फर्जीवाड़ा किया था। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना पांच अक्टूबर तड़के की है। सीआइएसएफ के इंटेलिजेंस विंग के जवानों ने टर्मिनल-तीन के चेकिंग एरिया में दो विदेशी नागरिकों को संदिग्ध स्थिति में घूमता हुआ देखा तो उनसे पूछताछ की। दोनों ने तुर्कमेनिस्तान की राजधानी असगाबात जाने वाली तुर्कमेनिस्तान एयरलाइन की फ्लाइट संख्या टी5-536 का टिकट दिखाया। एयरलाइन से जांच कराने पर दोनों के टिकट रद मिले। उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि उनकी बहन तुर्कमेनिस्तान एयरलाइन की उड़ान से जा रही थी। उन्हें अंदर तक छोड़ने के लिए रद टिकट दिखाकर वे टर्मिनल में घुसे थे। (जासं)

केजरीवाल को धमकी भरा ईमेल भेजने वाला गिरफ्तार

नई दिल्ली : दिल्ली पुलिस की साइबर सेल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईमेल पर धमकी देने वाले को राजस्थान के अजमेर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित 36 वर्षीय मनीष सारस्वत इंफॉरमेशन टेक्नालाजी से बीई (बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग) है। वह मानसिक तौर पर बीमार बताया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गत दिनों मुख्यमंत्री को धमकी भरे दो मेल आए थे। मुख्यमंत्री कार्यालय से इसकी शिकायत मिलने के बाद साइबर सेल जांच कर रही थी। जिस लैपटाप से ईमेल भेजे गए थे उसके आइपी एड्रेस की जांच करने पर आरोपित का सुराग मिला। अजमेर से उसको गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि उसने गूगल से दिल्ली के मुख्यमंत्री की मेल आइडी प्राप्त की थी। पुलिस उसके लैपटाप को कब्जे में जांच कर रही है। उसकी डॉक्टरों से काउंसलिंग कराई जाएगी। (जासं)

द्वारका में खेल परिसर की आधारशिला रखेंगे हरदीप पुरी

नई दिल्ली : डीडीए द्वारका में खेल परिसर, गोल्फ कोर्स, साइकिल ट्रैक, उत्सव पंडाल सहित कई काम शुरू करने जा रहा है। सोमवार को केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री हरदीप पुरी इन कामों की नींव रखेंगे। इनके निर्माण पर लगभग तीन सौ करोड़ रुपये खर्च होंगे। इनका निर्माण कार्य पूरा होने से द्वारका क्षेत्र में विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। (जासं)

खिलाड़ियों को जीत से पहले सम्मान मिलना चाहिए : सीएम

जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली

▶ अरविंद केजरीवाल ने पूठ कलां में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का शिलान्यास किया

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पूठ कलां में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को मेडल जीतने के बाद नहीं, बल्कि पहले सम्मान मिलना चाहिए। पूठ कलां में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक और फुटबॉल मैदान का निर्माण निर्धारित समय पर पूरा करा दिया जाएगा। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों में खेल की इतनी सुविधाएं विकसित कर दी हैं, जितना 70 सालों में नहीं हुई हैं। 2015 में जब मैं गांव-गांव वोट मांगने जाता था तो युवा शिकायत करते थे कि दिल्ली में खेल की सुविधाएं नहीं हैं। मैंने वादा किया था कि आप की सरकार बनेगी तो खेल सुविधाओं को इतना बेहतर कर दिया जाएगा, जितना किसी सरकार ने नहीं किया होगा। पिछले पांच वर्षों में हमने दिल्ली के गांव-गांव में खेल की ढेर सारी सुविधाएं विकसित कर दी हैं। नजफगढ़ में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, स्टेडियम, मुंढेला में फुटबॉल मैदान जैसी अंतरराष्ट्रीय सुविधाएं विकसित हो गई हैं। नरेला के बदहाल स्टेडियम को भी आधुनिक बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इस मंच पर ओलंपिक से लेकर कॉमनवेल्थ में पुरस्कार जीतने वाले खिलाड़ी बैठे हैं। आज इनको पूरा देश पूछता है, लेकिन पहला मेडल लाने से पहले इन्हें कितना संघर्ष करना पड़ा, यह इन खिलाड़ियों का ही दिल जानता है। दिल्ली के किसी प्रतिभावान बच्चे के साथ ऐसा न हो, इसके लिए हमने मिशन एक्सलेंस योजना शुरू की है। इसके तहत कोई भी प्रतिभावान बच्चा है तो उसके खाने से लेकर ट्रेनिंग तक का सारा खर्च दिल्ली सरकार उठा रही है।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि इस मैदान ने कई राष्ट्रीय खिलाड़ी दिए, लेकिन इसके विकास के लिए किसी सरकार ने नहीं सोचा था। अब छह माह में यह मैदान अंतरराष्ट्रीय स्तर का बन जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार आज दिल्ली के 117 खिलाड़ियों को प्रायोजित कर रही है।

वीडियो बनाकर प्रबंधक ने की खुदकशी

जासं, ग्रेटर नोएडा : ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एक सोसायटी में रहने वाले प्रबंधक ने वीडियो बनाकर खुदकशी कर ली। वीडियो बनाने के दौरान प्रबंधक फांसी का फंदा दिखा रहे थे और बोल रहे थे कि बहुत परेशान करके रख दिया है तुमने। वीडियो में प्रबंधक यह भी कह रहे हैं कि मैंने तुम्हें हमेशा खुश रखने की कोशिश की है, लेकिन इसके बाद भी सब कुछ ठीक नहीं हुआ। यह पता नहीं चल पाया है कि प्रबंधक ये बातें किसके लिए कह रहे थे। वीडियो में प्रबंधक ने किसी का नाम नहीं लिया है। वीडियो बनाने के दौरान एक गाना भी बैकग्राउंड में बज रहा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

बताया गया है कि एक अक्टूबर को प्रबंधक ने खुदकशी की और दो दिन तक शव फ्लैट में ही बंद रहा। गुरुवार रात फ्लैट से बदबू आने पर मामले की जानकारी हुई और पुलिस पहुंची। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गले में फंदा लगने की पुष्टि हुई है। बिसरख कोतवाली क्षेत्र स्थित एक सोसायटी में वीर सिंह अपने परिवार के साथ रहते थे। लेकिन इस समय बच्चे और पत्नी घर पर नहीं हैं। बताया गया है कि पत्नी बच्चों के साथ मायके गई हुई हैं। पुलिस जांच के दौरान पता चला है कि प्रबंधक कई दिनों से तनाव में थे। तनाव के चलते ही उन्होंने अपनी जान दी है। दो दिन तक शव फंदे पर ही लटकता रहा।

अकालियों की लड़ाई से भाजपा चिंतित

संतोष कुमार सिंह, नई दिल्ली

▶ दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी शिअद बादल के साथ मिलकर लड़ती रही है चुनाव

▶ सिख मतदाताओं के पार्टी से दूर होने का सता रहा डर

दिल्ली में शिरोमणि अकाली दल (शिअद-बादल) के दो फाड़ होने से भाजपा को चुनावी नुकसान का डर सता रहा है। भाजपा को लग रहा है कि अकालियों की लड़ाई से कहीं सिख मतदाता उनसे दूर न चले जाएं क्योंकि पंजाब की तरह दिल्ली में भी भाजपा का शिअद बादल के साथ गठबंधन है। नगर निगम से लेकर लोकसभा चुनाव तक दोनों पार्टियां मिलकर मैदान में उतरती हैं। एक तरह से सिख वोट के लिए पार्टी अकालियों पर ही निर्भर रहती है। यही कारण है कि पिछले लगभग एक साल से शिअद (बादल) की प्रदेश इकाई में चल रही अंतर्कलह ने भाजपा के रणनीतिकारों की चिंता बढ़ा दी है।

भाजपा के सिख प्रकोष्ठ ने बढ़ाई सक्रियता : अकालियों की आपसी लड़ाई के बीच आम आदमी पार्टी (आप) ने सिखों के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश तेज कर दी है। 2015 के चुनाव में उसने सिखों के दबदबे वाली सीटों पर भी जीत हासिल की थी और इसे फिर से दोहराने की कोशिश शुरू कर दी है। इन बदले हुए हालात में भाजपा नेतृत्व भी सतर्क हो गया है और उसने सिख प्रकोष्ठ के नेताओं को अपनी सक्रियता बढ़ाने का निर्देश दिया है जिससे कि अकालियों की लड़ाई से होने वाले नुकसान की भरपाई हो सके। दिल्ली में कुछ विधानसभा सीटों पर सिख मतदाताओं की निर्णायक भूमिका रहती है।

जीके अलग पार्टी बनाकर दे रहे हैं अकालियों को चुनौती

शिअद बादल के प्रदेश इकाई में वर्चस्व को लेकर लड़ाई इस कदर बढ़ी की पार्टी दो फाड़ हो गई। भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरने के बाद मनजीत सिंह जीके को दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीपीसी) की अध्यक्षता गंवाने के बाद पार्टी भी छोड़नी पड़ी थी। अपने ऊपर लगे आरोपों को शिअद बादल के नेताओं की साजिश करार देते हुए उन्होंने जागो नाम से नई पार्टी बना ली है। इसके साथ ही वह दिल्ली में अपने पुराने साथियों को एकजुट करने और संगठन को मजबूत करने में लग गए हैं। माना जा रहा है उनकी इस पहल से सीधा नुकसान शिअद बादल को होगा और इससे भाजपा भी प्रभावित होगी। भाजपा के लिहाजा से इसका असर विधानसभा चुनावों के नतीजों पर भी पड़ सकता है।

भाजपा से गठबंधन के तहत चार सीटों पर लड़ते हैं अकाली

गठबंधन के तहत विधानसभा चुनाव में भाजपा अकालियों को राजौरी गार्डन, हरीनगर, कालकाजी और शाहदरा चार सीटें देती है। इनमें से राजौरी गार्डन और शाहदरा में अकाली नेता भाजपा के चुनाव चिह्न पर मैदान में उतरते हैं। इस समय राजौरी गार्डन से डीएसजीपीसी के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा विधायक हैं। वर्ष 2013 में कालकाजी और शाहदरा सीट पर भी अकालियों को जीत मिली थी। 2013 और 2017 के डीएसजीपीसी चुनाव में भी शिअद बादल ने जीत दर्ज की थी। अबतक जो भी चुनावी सफलता मिली है, उसमें अकाली एकजुट थे। एकजुटता की वजह से पंजाब विधानसभा में मिली पराजय के बावजूद यहां डीएसजीपीसी चुनाव में पार्टी ने जीत हासिल की थी जिसमें जीके की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी।

आप शुरू करेगी आपन पूर्वांचल अभियान

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी पूर्वांचल के लोगों को ध्यान में रखकर आपन पूर्वांचल अभियान शुरू करेगी। यह अभियान आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी संजय सिंह के नेतृत्व में शुरू किया जाएगा।

अभियान छह अक्टूबर से शुरू होकर 20 नवंबर को समाप्त होगा। इस संवाद कार्यक्रम का लक्ष्य पार्टी को मतदाताओं से जोड़ना है। साथ ही पूर्वांचल के लोगों के लिए केजरीवाल सरकार द्वारा किए गए कामों की जानकारी भी देना है। पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में संजय सिंह ने बताया कि इस पहल के तहत 300 से अधिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। वह 150 कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि उनके साथ आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता दिलीप पांडेय, आप नेता दुर्गेश पाठक, विधायक संजीव झा, पूर्वांचल क्षेत्र के अध्यक्ष संजय भगत और संबंधित क्षेत्र के सभी विधायक होंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली की लगभग 500 कॉलोनियों में नई सीवर लाइनें बिछाई हैं, सड़कों का निर्माण किया है और पूर्वांचली लोगों द्वारा बसाए गए क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं में 1000 करोड़ से अधिक खर्च किए हैं। छठ पूजा को गौरव और सम्मानपूर्वक मनाने के लिए आप सरकार ने 1200 पक्के घाटों का निर्माण कराया जो पहले सिर्फ 72 थे। इसके साथ ही इन घाटों को सड़क से जोड़ा और बिजली सुविधाओं से सुसज्जित किया गया। पूर्वांचली लोगों की लंबी मांग को पूरा करते हुए दिल्ली सरकार ने छठ पूजा पर छुट्टी की घोषणा की है। मैथिली भाषा को मान्यता देते हुए इसे स्कूली पाठ्यक्रम में जोड़ा गया है।

कांग्रेस नेताओं ने आप की सदस्यता ली : कांग्रेस के ओबीसी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र बंसल एवं उनके साथी योगेंद्र राठी, साधना एवं मुकेश चौहान ने शनिवार को आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली। भारतीय बहुजन परिवर्तन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रबुद्ध कुमार भी आप में शामिल हो गए। दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई प्रेस वार्ता में राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने इनको पार्टी में शामिल कराया। कार्यक्रम के दौरान आप नेता दुर्गेश पाठक, आप प्रवक्ता घनेंद्र भारद्वाज भी मौजूद थे। प्रबुद्ध कुमार बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे हैं।

दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित आप कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और अन्य। उन्होंने बताया कि आपन पूर्वांचल अभियान के तहत 300 कार्यक्रम आयोजित होंगे। जागरण

एम्स में अनुबंधित सहायक प्रोफेसरों के भविष्य पर लटकी तलवार

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली

एम्स में अनुबंध पर नियुक्त सहायक प्रोफेसरों (फैकल्टी) को रेजिडेंट डॉक्टरों से कम वेतन मिलता है। अब वे मेडिकल शिक्षा व शोध में ज्यादा सक्रिय भूमिका नहीं निभा पाएंगे। एम्स के रजिस्ट्रार ने अनुबंधित डॉक्टरों को सह-परामर्शदाता (को-गाइड) की जिम्मेदारी से हटाने का निर्देश दिया है। ऐसे में अनुबंध के आधार पर सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्त डॉक्टरों के भविष्य पर तलवार लटक रही है। उन्हें किसी भी वक्त बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है। इस वजह से अनुबंधित डॉक्टर भी अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

असल में हाल के दिनों में बड़े चिकित्सा संस्थानों में अनुबंध पर सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति का चलन भी बढ़ा है। मौजूदा समय में एम्स में अनुबंध पर करीब 40 डॉक्टर सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्त हैं। सहायक प्रोफेसर का काम मरीजों के इलाज के अलावा मेडिकल के छात्रों को पढ़ाना भी है। इसलिए कई विभागों में अनुबंधित सहायक प्रोफेसर जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों के को-गाइड भी बनाए गए हैं। वे जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों को शोध में मदद करते हैं। संस्थान ने हाल ही में सभी विभागों को एक आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि जिन विभागों में अनुबंधित सहायक प्रोफेसर को-गाइड बनाए गए हैं, उन्हें इस जिम्मेदारी से तुरंत हटाया जाए। उनकी जगह स्थायी डॉक्टरों को को-गाइड बनाने का निर्देश दिया है। इसके पीछे तर्क यह दिया गया है कि रिक्त पदों पर स्थायी नियुक्ति होने पर अनुबंधित डॉक्टरों को किसी भी वक्त संस्थान से हटाया जा सकता है। ऐसी सूरत में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों को परेशानी हो सकती है। संस्थान की यह चिंता अपनी जगह सही हो सकती है, लेकिन डॉक्टर सवाल खड़े कर रहे हैं कि यदि यही बात है तो अनुबंध पर सहायक प्रोफेसर नियुक्त ही क्यों किए जाते हैं।

डॉक्टर कहते हैं कि एम्स में अनुबंधित सहायक प्रोफेसरों को एक लाख रुपये वेतन मिलता है, जबकि रेजिडेंट डॉक्टरों को करीब सवा लाख रुपये वेतन दिया जाता है। फिर भी अनुबंध पर सहायक प्रोफेसर के रूप में डॉक्टर इसलिए काम करने को तैयार होते हैं कि वे शोध कार्य में भूमिका निभा सकेंगे।

इस वजह से यह सवाल खड़े किए जा रहे हैं कि यदि उन्हें को-गाइड भी नहीं बनने दिया जाएगा और नौकरी भी सुरक्षित नहीं है तो फिर अनुबंध पर सेवा देने का क्या फायदा। उन्हें लगने लगा है कि कहीं वे अपना समय बर्बाद तो नहीं कर रहे।

मुख्यमंत्री की विदेश यात्रा पर संशय के बादल

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की विदेश यात्रा पर संशय के बादल मंडरा रहे हैं। नौ से 12 अक्टूबर के बीच कोपेनहेगन में आयोजित हो रहे सी-40 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आठ अक्टूबर को उन्हें दिल्ली से रवाना होना था। मगर अभी तक विदेश मंत्रालय से स्वीकृति नहीं मिली है। माना जा रहा है कि अब अनुमति मिलने की संभावना नहीं दिख रही है। दिल्ली सरकार ने केंद्र सरकार को इस बारे में करीब डेढ़ माह पहले अवगत करा दिया था। अभी तक उधर से कोई सूचना नहीं आई है। दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दे पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री को विदेश जाना था। इसके लिए सभी बैठकें तय हो चुकी थीं। मगर मुख्यमंत्री को जाने से रोका जा रहा है।

एक अधिकारी ने बताया कि पहले विदेश मंत्रालय ने विदेश यात्रा की अनुमति देने की प्रक्रिया चलने की बात कही थी, लेकिन अब विदेश मंत्रालय न तो अनुमति देने को लेकर कोई जानकारी दे रहा है और न ही दिल्ली सरकार के संपर्क करने पर कोई जवाब मिल रहा है। सीएम को नौ से 12 अक्टूबर को कोपेनहेगन में पर्यावरण पर आयोजित सी-40 सम्मेलन में भाग लेने जाना है। इसके लिए उनकी आठ अक्टूबर को दोपहर दो बजे दिल्ली से फ्लाइट है।

नवाचार

छह महीने का होगा प्रशिक्षण, छात्रों को रिटेल, निर्माण, सॉफ्टवेयर, वेबसाइट, सोशल मीडिया, सौर ऊर्जा, अंक ज्योतिष, फूड एंड टेक्नोलॉजी, जैविक उत्पाद जैसे कई क्षेत्रों के बारे में बताया जाएगा

उद्यमी और स्टार्टअप के गुर सिखाएगा किरोड़ीमल कॉलेज

राहुल मानव, नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध किरोड़ीमल कॉलेज की तरफ से छह महीने का उद्यमी एवं स्टार्टअप कोर्स शुरू किया जा रहा है। इसमें छात्रों को सिखाया जाएगा कि वे नौकरी देने वाले बनें, नौकरी लेने वाले नहीं। इसमें छह महीने के प्रशिक्षण में छात्रों को रिटेल, निर्माण, सॉफ्टवेयर, वेबसाइट, सोशल मीडिया, सौर ऊर्जा, अंक ज्योतिष, फूड एंड टेक्नोलॉजी, जैविक उत्पाद जैसे कई क्षेत्रों के बारे में बताया जाएगा। इन क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि छात्र स्टार्टअप शुरू कर सकें। छात्रों अपने व्यवसाय की योजना कैसे तैयार करें, फंड को कैसे जुटाएं, व्यवसाय के प्रमोशन की गतिविधियों को कैसे पूरा करें आदि पहलुओं से छात्रों को रूबरू कराते हुए एक प्रखर उद्यमी बनने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। छात्रों को सबसे पहले बताया जाएगा कि वह अपने आइडिया की पहचान करें और उसके अनुसार अपने स्टार्टअप पर काम करें।

किरोड़ीमल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. विभा सिंह चौहान ने बताया कि छह महीने के इस सर्टिफिकेट कोर्स का दूसरा बैच शुरू किया जा रहा है। पिछले वर्ष इस कोर्स को शुरू किया गया था।

10 उद्योगों से की गई है साझेदारी, उनके विशेषज्ञ भी देंगे छात्रों को प्रशिक्षण : कोर्स के नोडल अधिकारी एवं किरोड़ीमल कॉलेज के कॉमर्स विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की तरफ से सभी शिक्षण संस्थानों को कौशल विकास के लिए कोर्स शुरू करने के लिए कहा है। इसी स्कीम के अनुरूप किरोड़ीमल कॉलेज ने पिछले वर्ष से छह महीने का उद्यमी एवं स्टार्टअप का सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया था। कॉलेज ने दस उद्योगों के साथ साझेदारी भी की है। इन उद्योगों के विशेषज्ञ भी कॉलेज आकर छात्रों को प्रशिक्षण देंगे। साथ ही स्टार्टअप शुरू करने वाले व्यवसायी बन चुके कई लोगों को भी छात्रों को व्याख्यान देने के लिए बुलाया जाएगा। किरोड़ीमल कॉलेज ने आइआइटी दिल्ली से भी सहयोग मांगा है कि वह तकनीक के क्षेत्र में मदद करे और वहां के विशेषज्ञ इन कोर्स में आवेदन करने वाले छात्रों को प्रशिक्षण दें।

दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध है किरोड़ीमल कॉलेज। (फाइल)

कब तक करें आवेदन

कोर्स के लिए छात्र 12 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। डीयू की वेबसाइट में, कॉलेज की वेबसाइट में और कॉलेज जाकर छात्र इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें छात्रों को आवेदन फॉर्म भरकर जमा कराना होगा।

पात्रता और सीटें

इस कोर्स में 12वीं कर चुके छात्र आवेदन कर सकते हैं। सभी स्ट्रीम के छात्र इस कोर्स में पढ़ाई करने आ सकते हैं। साथ ही स्नातक की डिग्री करने वाले प्रथम, द्वितीय और तीसरे वर्ष के किसी भी विश्वविद्यालय से पढ़ाई कर रहे छात्र भी आवेदन कर सकते हैं। कुल 20 सीटें निर्धारित की गई हैं। कोर्स में पहले आओ और पहले पाओ के तहत दाखिला दिया जाएगा। कोर्स 14 अक्टूबर से शुरू हो जाएगा। कोर्स की छह महीने का शुल्क 3500 रुपये है।

द्वारका में पीएम मोदी करेंगे रावण के पुतले का दहन

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली

द्वारका सेक्टर-दस स्थित डीडीए ग्राउंड में द्वारका श्रीरामलीला सोसायटी की ओर से आयोजित रामलीला में आठ अक्टूबर को दशहरा के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत करेंगे और रावण के पुतले का दहन करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा जांच में एसपीजी के साथ-साथ स्थानीय पुलिस जुट गई है। शनिवार को एसपीजी ने पूरे ग्राउंड का निरीक्षण किया और सुरक्षा को लेकर निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर रामलीला का मंच एसपीजी के हवाले कर दिया गया है। इसके अलावा मौके पर द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त एंटो अल्फोंस के साथ-साथ जिले के कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

द्वारका श्रीरामलीला सोसायटी के संरक्षक राजेश गहलोत ने बताया कि यह हमारे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारी रामलीला में रावण के पुतले का दहन करेंगे। वर्षों की मेहनत सफल हुई है। प्रधानमंत्री शाम साढ